राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन

जयपुर, 01 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को यहां राजभवन परिसर में बड और बिल्व का पौधा लगाकर अपना 79 वां जन्म दिवस मनाया। प्रदेश की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र, राज्यपाल के पुत्र श्री अमित मिश्र और पौत्र श्री अक्षत मिश्र ने राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के लगाये पौधों को सींचा।

राज्यपाल ने सुबह राजभवन मंदिर में की पूजा— राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आज प्रातः राजभवन स्थित शिव मंदिर में पुजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। श्री मिश्र ने प्रातः गाय को चारा खिलाया और मोरों व अन्य पक्षियों को दाना डाला।

राज्यपाल को मिली बधाई— राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को बधुवार प्रातः काल से ही दूरभाष पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। देश के राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द, उपराष्ट्रपति श्री एम. वैकंया नायडू और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दूरभाष पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को जन्म दिन की बधाई दी। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने श्री मिश्र को स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि '' श्री कलराज मिश्र जी ,जन्मदिन की आपको हार्दिक शुभकामनाएं। जन्मदिन मानवीय,सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का एक विशेष अवसर होता है। आपने जिस प्रकार अपने व्यक्तिगत जीवन में ही नहीं,बल्कि अपनी समग्र कार्यशैली में भी इन सभी मूल्यों को समाहित किया है और जनसामान्य की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया है, वह हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। एक राज्यपाल के रूप में आपने जिस कार्यकुशलता और कर्तव्यनिष्ठता के साथ अपने संवैधानिक दायित्वों को निर्वहन किया है, वह राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि समाज, राज्य और देश को आप यूं ही समर्पित होकर निरंतर अपनी सेवा देते रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह आपको दीर्घायु और आरोग्यपूर्ण जीवन प्रदान करे एवं राष्ट्रसेवा के लिए सदैव ऊर्जावन रखे।

राज्यपाल श्री मिश्र को जन्म दिवस पर पूरे देश से बधाई एवं शुभकामनाएं मिलीं। श्री मिश्र को विभिन्न राज्यों के राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों ने भी बधाई दी। श्री मिश्र को केन्द्रीय मंत्रीगण, सांसदगण और राजस्थान व उत्तर प्रदेश के विधायकगण जनप्रतिनिधिगण, मीडिया के प्रतिनिधिगण, परिजन व आमजन ने भी बधाई दी।

मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने दी राज्यपाल श्री मिश्र को बधाई— प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्यपाल श्री मिश्र को उनके जन्म दिवस पर बधाई दी है। श्री गहलोत ने श्री मिश्र को स्वस्थ एवं सुदीर्ध जीवन के लिए शुभकामानाएं भी दीं। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी ने भी राज्यपाल को बधाई दी। डॉ. जोशी ने सोशल मीडिया पर राज्यपाल के साथ पुराने छायाचित्रों को शेयर किया है। सूचना एवं जनसम्पर्क मंत्री डॉ. रघु शर्मा, पर्यटन मंत्री श्री विश्वेन्द्र सिंह सहित मंत्रीमण्डल के सदस्यगणों ने भी राज्यपाल को बधाई दी है।

मुख्य न्यायाधीश ने राज्यपाल को भेजी सूत की माला— राज्य के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री इन्द्रजीत माहान्ति ने राज्यपाल श्री मिश्र को उनके जन्म दिवस पर सूत की माला और बधाई संदेश भेजा। श्री माहान्ति ने राज्यपाल को भेजे संदेश में जन्मदिन की बधाई और सुदीर्ध व स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

राजभवन के अधिकारियों ने राज्यपाल को दी बधाई— राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल, जनजाति प्रकोष्ठ निदेशक डां. कविता सिंह, परिसहाय स्क्वाड्रन लीडर डी. रवि विशिष्ट सहायक श्री ज्ञानचन्द जैन सहित राजभवन के अधिकारियों ने जन्म दिवस की बधाई दी।

राज्यपाल को चित्र भेंट— राजभवन में जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा, कैमरामैन श्री छोटू लाल जीनगर और वरिष्ठ छायाकार श्री देवेन्द्र सिंह ने राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को उनके जन्म दिवस पर श्री मिश्र का छाया चित्र भेंट कर बधाई दी।

कुलाधिपति के समक्ष सुनवाई के लिए पहुॅचे कुलपति — राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र के समक्ष बुधवार को प्रातः यहां राजभवन में राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति श्री आर.के. कोठारी अपना पक्ष रखने के लिए पहुॅचे। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कुलपति श्री कोठारी के पक्ष को सुना। श्री कोठारी ने राज्यपाल से अपने पक्ष में कुछ ओर तथ्य व दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा। राज्यपाल श्री मिश्र ने कुलपति श्री कोठारी को कुछ ओर दस्तावेजो को तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को जन्मदिन पर बधाई — राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने भारत के उपराष्ट्रपति श्री एम. वैकंया नायडू को उनके जन्मदिन की बधाई और सुदीर्ध व स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

—

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,सहायक निदेशक,
जनसम्पर्क,राज्यपाल, राजस्थान, 98292 71189